...e Auction will be held at : 1162 and 1163, Tower B-1, 11Th Floor, Spaze I Tech Park, Sector 49, Sohna Road, Gurugram 122018 on 06-10-025 (Monday) at 1.00 p.m.

...or detailed terms and conditions of the Sale, please refer to the link provided in Company's website i.e. : www.varthana.com.

...he prospective bidders may contact the Authorized Officer Mr. Sohan Lal - Phone No.9950606466, Mr.Amit Kumar Singh - Phone ...o.9911627308.

...ate: 23-09-2025, Place: Gurugram.

Authorised Officer, Varthana Finance Private Limited

UKPCB

# मुख्यालय
# उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

"गौरा देवी पर्यावरण भवन" 46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
E-mail: msukpcb@yahoo.com, दूरभाष: 0135-2607092

LiFE Lifestyle for Environment

पत्रांक–यू.के.पी.सी.बी / एच.ओ. / एन.ओ.सी(पी.एच.)–8230 / 2025 / 1006 दिनांक 22.09.2025

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये सूचना

**मै० सालासर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स**, निवास ग्राम खानक, तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हरियाणा **द्वारा ढकरानी मंडी गंगभेवा (यमुना नदी 21/3/1), विकासनगर, देहरादून की सरकारी भूमि में रेत, बजरी और बोल्डर खनन परियोजना (क्षेत्रफल – 25.0 है0)** की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का प्रस्ताव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा Terms of Reference निर्धारित किये गये हैं, जिनके अन्तर्गत प्रस्तावक के द्वारा ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं पर्यावरण प्रबन्धन योजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथासंशोधित) के अनुसार उक्त प्रकार की परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व लोक सुनवाई का प्राविधान है, जिस हेतु 30 दिनों का नोटिस समाचार पत्रों के माध्यम से जन साधारण के संज्ञानार्थ दिया जाना आवश्यक है। लोक सुनवाई हेतु "पैनल" की संरचना उक्त अधिसूचना के अनुरूप निम्नवत् है :–

1. जिलाधिकारी, जनपद देहरादून या उनके द्वारा नामित / अधिकृत प्रतिनिधि जो जिला स्तरीय अधिकारी हो– लोक सुनवाई के अध्यक्ष ।
2. उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि ।

प्रस्ताव से सम्बन्धित जमा समस्त अभिलेख (i) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25– सुभाष रोड, देहरादून (ii) मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरा देवी पर्यावरण भवन, 46 – बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई – 115, नेहरू कॉलोनी, देहरादून (iv) कार्यालय जिलाधिकारी, देहरादून (v) कार्यालय, जिला पंचायत, देहरादून (vi) जिला उद्योग केन्द्र, देहरादून में उपलब्ध हैं, जिनका कोई भी इच्छुक संस्था / व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं सारांश की प्रति www.ueppcb.uk.gov.in पर भी उपलब्ध हैं ।

**मै० सालासर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स**, निवास ग्राम खानक, तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हरियाणा **द्वारा ढकरानी मंडी गंगभेवा (यमुना नदी 21 / 3 / 1), विकासनगर, देहरादून की सरकारी भूमि में रेत, बजरी और बोल्डर खनन परियोजना (क्षेत्रफल – 25.0 है0)** की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 27.10.25 को प्रातः 11:00 बजे से परियोजना स्थल में तत्समय कोविड – 19 के संदर्भ में विद्यमान SoP के अधीन सोशल डिस्टेसिंग, आवश्यक रूप से मास्क का प्रयोग, थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंडवाश व सेनेटाइजर तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के साथ निर्धारित की जाती है ।

अतः सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित परियोजना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अपने मौखिक, लिखित, सुझाव, टीका टिप्पणियों एवं आपत्तियाँ इस कार्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई – 115, नेहरू कॉलोनी, देहरादून में इस सूचना से सम्बन्धित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं अथवा लोक सुनवाई के समय भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

Indian Express 23/09/25

सदस्य सचिव
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड